प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोकसभा चुनाव के आखिरी दौर में झारखंड की तीन सीटों के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं ने लगाया जोर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की आज साहिबगंज में सभा।

2- टेंडर कमीशन मामले में मंत्री आलमगीर आलम की तीन दिन बढ़ाई गई ईडी की रिमांड अवधि, कल आइएएस मनीष रंजन से होगी पूछताछ।

3- राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट से मांगी जमानत, याचिका पर जल्द सुनवाई करने का किया आग्रह।

4- चक्रवातीय तूफान रेमल का झारखंड के संताल परगना और कोल्हान में होगा सर्वाधिक असर, आंधी –बारिश और वज्रपात की चेतावनी।

5- 20 जून से विभिन्न स्कूलों में होने वाले खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बढ़ाए गए खेल, इस वर्ष 47 हजार से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग, 32 स्पर्धाओं का होगा आयोजन ।

****

लोकसभा चुनाव के आखिरी दौर सातवें चरण में झारखंड की तीन सीटों के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस चरण में संताल की तीन सीटें राजमहल, गोड्डा और दुमका के लिए एक जून को मतदान होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साहिबगंज जिले में जनसभा करेंगे। हमारे साहिबगंज संवाददाता ने बताया कि रक्षा मंत्री उधवा प्रखंड में एनडीए उम्मीदवार ताला मरांडी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

इधर गोड्डा संसदीय सीट पर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में स्टार प्रचारकों की सभाओं की जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दुमका में सीता सोरेन के समर्थन में रैली करेंगे। वहीं राहुल गांधी के कार्यक्रम की भी तैयारी की जा रही है। इधर झारखंड के प्रदेश स्तरीय नेता चुनाव प्रचार के लिए संथाल में कैंप किए हुए हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे दुमका संवाददाता

****

ईडी की रिमांड अवधि खत्म होने पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को आज पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आलमगीर आलम की 3 दिनों की रिमांड अवधि बढ़ाई दी है। वहीं ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को समन देकर पूछताछ के लिए कल क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है।

****

जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है।

****

एक जून को देवघर जिले में वोटिंग होगी। इससे पहले आज और कल दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के वोटर पोस्टल को बैलट से वोट करने की सुविधा दी गयी है। मतपत्र को एकत्रित करने के लिए 26 टीमों को पूरे जिले में भेजा गया है। पोस्टल बैलट के लिए निबंधित 151 मतदाताओं से वोट दिलवाकर पोस्टल जमा किया जायेगा। पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग टीम को साथ भेजा गया है।

****

धनबाद और गिरिडीह संसदीय सीट के लिए बोकारो में हुए मतदान के बाद अब उम्मीदवारों की जीत और हार को लेकर चौक और चौराहों पर चर्चा का दौर जारी है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****

हजारीबाग के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। दारु थाना क्षेत्र के बलिया गाँव में देर रात जंगली हाथियों के कुचलने से एक ग्रामीण की मौत हो गई।

****

बंगाल की खाड़ी से आ रहे चक्रवाती तूफान रेमल का असर झारखंड में भी दिखेगा। इसे लेकर मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका सबसे अधिक असर संताल परगना और कोल्हान के जिलों में रहेगा। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, 26 मई को आधी रात के बाद रेमल तूफान बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के सागरद्वीप में तट से टकराया। इसके असर से पूरे राज्य में बादल छाये रहने का अनुमान है। चक्रवात को देखते हुए रेल और विमान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

****

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा 20 जून से आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में इस बार 32 खेल स्पर्धाएं और बैंड प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें 11 से 19 साल के बच्चे शामिल होकर प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में सभी सरकारी स्कूलों तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे। स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता 20 जून से विद्यालय स्तर पर शुरू होगी जिसमें एथलेटिक्स, आर्चरी, फुटबॉल, कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, हॉकी, चेस, क्रिकेट, बैडमिंटन, साइकिलिंग, जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन सभी प्रतियोगिता में झारखंड के कुल 47 हजार 508 खिलाड़ी शामिल होंगे। इस वर्ष राज्य स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता की शुरुआत 2 सितंबर से शुरू होगी जो पांच नवंबर तक चलेगी। बीस जून से शुरू होने वाले प्रतियोगिता में जो बच्चे बेहतर करेंगे उन्हें राज्य स्तर पर चयन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा।

****

संक्षिप्त खबरें

- गोड्डा में भागलपुर और गोड्डा जिले के आईएमए के सदस्यों की बैठक हुई। आईएमए के डॉक्टरों ने सबों से देश के विकास के लिए मतदान करने का आह्वान किया।
- धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर हुए एक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। कंटेनर और वैन की सीधी टक्कर होने से यह हादसा हुआ।
- रांची में पुलिस ने नामकुम थाना क्षेत्र से अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

*********समाप्त*********